Azadi Ka Amrit Mahotsav

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

14/09/2023 अखिल भारतीय

भारतीय जीवन बीमा निगम के चेयरपर्सन श्री सिद्धार्थ मोहन्ती ने आज भारत सरकार के लाभांश शेयर के रूपमें ₹ 1831.09 करोड़ का लाभांश चेक माननीय केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्यमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन को सौंपा। इस लाभांश (Dividend) को शेयरधारकों द्वारा 22.08.2023 को आयोजित वार्षिक आम सभा में अनुमोदित किया गया था।

इस अवसर पर डॉ०एम०पी०तंगिरला, अपरसचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार के साथ भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी श्री एम०जगन्नाथ, प्र.नि.; श्री तबलेश पाण्डे, प्र.नि.; श्री सतपाल भानू, प्र.नि.; श्री आर०दोरायस्वामी, प्र.नि. तथा श्री जे.पी.एस. बजाज, क्षे.प्र (प्र०), उत्तरी क्षेत्र भी उपस्थित थे।

वर्ष 1956 में ₹ 5 करोड़ की आरंभिक पूंजी के साथ आरंभ हो कर एलआईसी ने अपने निगमनके 67 वर्ष पूरे कर लिए हैं और 31 मार्च, 2023 तक एलआईसी के पास ₹ 45,50,571.73 करोड़ रुपये का परिसंपत्ति आधार है, जिसमें ₹ 40,81,326.41 करोड़ रुपये की जीवन निधि सम्मिलित है। बीमा क्षेत्र के दो दशकों से खुले होने के बावजूद, भारतीय जीवन बीमा बाज़ार में एलआईसी अग्रणी स्थान पर बना हुआ है।

14 सितंबर 2023 को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई ईमेल :ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर विजिट करें

हमें विश्वास है कि इस विज्ञप्ति में दी गई जानकारी आपके पाठकों हेतु मूल्यवान होगी